दिन– रविवार | दिनांक– 15 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

02. भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए नागरिकों का धन्यवाद किया है।

03. मंगनी लाल मंडल राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित। उन्नीस जून को शपथ लेंगे।

04. और, प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई भागों में आंधी और बारिश की संभावना जताई।

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। श्री शाह ने आज लखनऊ में आयोजित समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के पुलिस बल का आधुनिकीकरण आरंभ किया गया है।

–––बाइट–––

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

–––बाइट–––

मोदी जी ने 11 साल के अंदर जो देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। उसको 47 के भारत की नींव डालने का काम मेरे सामने बैठे युवाओं ने करना है । इस 11 साल के अंदर 25 करोड लोग गरीबी रेखा के बाहर आए, 60 करोड लोगों को गैस का सिलेंडर, 5 लाख तक का इलाज नरेन्द्र मोदी जी ने कर–कर पिछड़े, दलित और आदिवासियों के जीवन में एक नया उजाला भरने का काम किया है।

---

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए नागरिकों का धन्यवाद किया है। सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उसे नागरिकों की ओर से हृदय को छूने वाले प्रशंसा भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में नागरिकों ने अपना गर्व, जीवंतता और देशभक्ति की भावना उडेल दी है। इससे सेना निरंतर प्रेरणा

लेती है। सेना ने आश्वासन दिया है कि वह हमेशा राष्ट्र के लिए सम्मान और समर्पण के साथ सेवा के लिए तैयार है।

---

अहमदाबाद विमान हादसे के बत्तीस पीड़ितों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है। अब तक कुल बारह शव मृतकों के परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि जिन लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान हो गया है, उनके शव उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, एक पुलिसकर्मी और एक पेशेवर परामर्शदाता शामिल हैं।

---

बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहे वीडियो के सामने आने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने यह नोटिस जारी किया है। श्री प्रसाद को पन्द्रह दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो काफी अपमानजनक लग रहा है। इससे पहले सत्तारुढ भाजपा ने भी वीडियो आने पर राजद अध्यक्ष की आलोचना की थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए राजद से माफी मांगने की मांग की है।

---बाइट---

इधर, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने इस प्रकरण को लालू प्रसाद को बदनाम करने की साजिश बताया है।

---

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष घोषित किए गए हैं। श्री मंडल उन्नीस जून को विधिवत रूप से राजद के प्रदेश अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी के रूप में श्री मंडल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। जांच में नामांकन सही पाये जाने पर श्री मंडल को निर्वाचित घोषित किया गया। इस बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मंगनी लाल मंडल की पहचान एक समाजवादी नेता के रूप में रही है और उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इस इंडस्ट्रीयल एरिया में कई औद्योगिक इकाइयां उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मे उद्योग के लिए अनुकूल माहौल है और सरकार की ओर से उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

---

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेकुलर के राष्ट्रीय परिषद की एक दिवसीय बैठक आज बांका में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों के साथ पार्टी की सांगठनिक मजबूती को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री और पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में डॉ संतोष कुमार सुमन को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं, राजेश कुमार पांडेय को पार्टी का राष्ट्रीय प्रधान सचिव चुने जाने की घोषणा की गयी।

---

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर चुनाव लड़ेगी। श्री किशोर ने बिहार बदलाव यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर में कहा कि नब्बे प्रतिशत ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा जिन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। उन्होंने

राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कांग्रेस में दम है तो वह बिहार में अकेले चुनाव लड़कर दिखाए।

---

राजद नेता तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार में जारी कथित भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। श्री प्रसाद ने आज पटना मे संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों की इमानदारी से जांच होनी चाहिए।

———बाइट———

इधर, भाजपा ने तेजस्वी यादव के आरोपों को निराधार बताया है। पार्टी प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि तेजस्वी यादव का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है और उन्हें अपनी गिरेवान में झांक कर देखना चाहिए।

---

बिहार में केन्द्र सरकार के सहयोग से ऊर्जा, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और पर्यटन के क्षेत्र में विकास की एक नई लकीर खींची जा रही है। बिहार को मिले प्रधानमंत्री पैकेज से कई क्षेत्रों खासकर ऊर्जा, दूरसंचार और पर्यटन में बेहद उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। इसने राज्य को एक नई दिशा दी है। ऊर्जा मंत्रालय के तहत राज्य में दो प्रमुख योजनाएं पूरी की गईं हैं। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम विद्युत योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य पांच हजार आठ सौ छप्पन करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरा हुआ है। वहीं, बक्सर में दस हजार करोड़ रुपये की लागत से थर्मल पावर प्रोजेक्ट पर काम जारी है, जो जल्द ही पूरा होने वाला है। दूरसंचार विभाग ने बिहार को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य में एक हजार नए मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जिसकी लागत दो सौ पचास करोड़ रुपये है। इसके साथ ही बीएसएनएल ने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे राजगीर, वैशाली, गया, नालंदा और पटना में तीस वाई–फाई हॉटस्पॉट शुरू किए हैं, जिन पर पन्द्रह करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

---

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योग दिवस को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कई युवाओं ने योग को मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण बताया।

———बाइट———

इधर, केन्द्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। नव नालंदा महाविहार राजगीर में भी आज से योगाभ्यास शिविर की शुरूआत हुई। इक्कीस जून को आयोजित होने वाली विश्व योग दिवस की तैयारियां जोरशोर से चल रही है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंच गए हैं। वे वहां दो दिन रहेंगे। पिछले दो दशक में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली साइप्रस यात्रा है। भूमध्य सागर क्षेत्र के साथ भारत के संपर्क को मजबूत करने की दिशा में श्री मोदी की यह यात्रा महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ने आज सुबह साइप्रस से रवाना होने से पूर्व कहा है कि तीन देशों, साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की, उनकी यात्रा से उन्हें सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को इन देशों के पूरजोर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने में विश्व के प्रयासों को एकजुट करने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कनाडा में जी–सेवेन शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान–प्रदान के लिए जगह प्रदान करेगा।

———————————————————————

प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही। गोपालगंज, सुपौल, फारबिसगंज, पूर्णिया और पटना में गर्म और आर्द्र दिवस की स्थिति रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विज्ञान

केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व जिलों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

–––बाइट–––

---

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट अम्पायर ललितेश्वर प्रसाद वर्मा का आज पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में अम्पायरिंग की थी। गौरतलब है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले में उन्होंन फोर्थ अंपायर की भूमिका निभाई थी। वे लम्बे समय तक पटना एथेलेटिक्स एसोसिएशन और पटना जिला क्रिकेट संघ से जुड़े रहे। उनके निधन से खेल जगत में शोक की लहर है।

---

वैशाली जिला के महुआ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का आज बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेश नीलेश देवरे ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोटवा–राजपुर मार्ग पर स्थित बेलवाडीह गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई।

---

पश्चिम चंपारण में एसएसबी के जवानों ने भारत–नेपाल सीमा के वरदही गांव से बावन करोड़ रूपये मूल्य की चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

01. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

02. भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए नागरिकों का धन्यवाद किया है।

03. मंगनी लाल मंडल राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित। उन्नीस जून को शपथ लेंगे।

04. और, प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई भागों में आंधी और बारिश की संभावना जताई।

समाप्त